राज्य स्तरीय सेमिनार राज. पल्मोकोन 2023

चर्चा में क्यों?

15 से 16 जुलाई, 2023 तक जयपुर के पार्क पैराडाइज में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार राज. पल्मोकोन 2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान लंग राजस्थान पुस्तक का लोकार्पण हुआ।

प्रमुख बिंदु

- पार्क पैराडाइज में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान के विशेषज्ञ गहन शोध करते हैं, इनके निष्कर्ष मानव स्वास्थ्य के लिये लाभदायक होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार से वैचारिक आदान-प्रदान होगा, जो चिकित्सा जगत के लिये बेहतर साबित होगा।
- उन्होंने कहा कि बीकानेर ने चिकित्सा क्षेत्र में आमूलचूल विकास किया है। यहाँ का पीबीएम अस्पताल बीकानेर संभाग सहित आसपास के राज्यों के मरीजों के लिये उपयोगी साबित हो रहा है। यहाँ का कैंसर रिसर्च और कार्डियो वास्कुलर सेंटर मरीजों के लिये जीवनदायी बना है।
- आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि ऐसे सेमिनार समय-समय पर होने चाहिये, जिससे विशेषज्ञों के चिकित्सा से जुड़े अनुभव साझा किये जा सकें।
- उन्होंने कहा कि बीकानेर का आचार्य तुलसी कैंसर रिसर्च सेंटर पंजाब और हरियाणा के मरीजों के लिये बेहद उपयोगी साबित हुआ है।
- ऊर्जा मंत्री भँवर सिंह भाटी ने कहा कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज का इतिहास स्वर्णिम रहा है। यहाँ के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने देश और दुनिया में बीकानेर का नाम रोशन किया है।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना देशभर की ऐतिहासिक और अनूठी योजना है इस योजना ने लाखों प्रदेशवासियों के दु:ख दूर किये हैं।
- सेमिनार के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड डॉ. पी.आर. गुप्ता को दिया गया। वहीं डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. सी आर चौधरी, डॉ. सीतू सिंह को डॉ. एस.के. सरकार ओरीयेशन अवॉर्ड दिया गया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-seminar-raj-pulmocon-2023